# BSNL EMPLOYEES UNION

**Recognised Union in BSNL**

(Registered Under Indian Trade Union Act 1926. Regn.No.4896)

**CHQ:Dada Ghosh Bhawan, Opp. Shadipur Bus Depot., New Delhi – 110008**

**Email: bsnleuchq@gmail.com, website: bsnleu.in**

**P. Abhimanyu**
**General Secretary**

**Phone: (O) 011-25705385**
**Fax : 011- 25894862**


बीएसएनएलईयू /102 ( सर्कुलर संख्या 04) 08 अप्रैल 2019

सेवा में

सभी केंद्रीय पदाधिकारी,
सर्किल सचिव और जिला सचिव।

कामरेड्स,

## *गाजियाबाद में हुई ऐतिहासिक सीईसी बैठक*

मैसूरु में आयोजित 9 वें अखिल भारतीय सम्मेलन के बाद बीएसएनएलईयू की पहली सीईसी मीटिंग 06 और 07 अप्रैल, 2019 को गाजियाबाद में आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत कॉम. पी अभिमन्यु जीएस द्वारा यूनियन ध्वज फहराने के साथ हुई। एक प्रेसिडियम ने जिसमें कॉम. अनीमेश मित्रा, अध्यक्ष और सभी उपाध्यक्ष शामिल थे, बैठक की अध्यक्षता की। कॉम. एम. विजय कुमार, एजीएस, ने शोक प्रस्ताव पेष किया। कॉम. उपेंद्र सिंह तेवतिया, सीएस, उ. प्र. (पश्चिम) ने स्वागत भाषण दिया। सदन एक मिनट के लिए मौन खड़ा रहा और 9 वें अखिल भारतीय सम्मेलन के बाद निधन हो चुके नेताओं को श्रद्धांजलि दी। कॉम. पी अभिमन्यु जीएस ने गतिविधियों पर रिपोर्ट प्रस्तुत की और सभी मौजूदा मुद्दों पर विस्तार से भाषण दिया।

सीईसी की यह बैठक बहुत ही महत्वपूर्ण मोड़ पर हुई। माननीय संचार राज्य मंत्री द्वारा 03.12.2018 को दिया गया आश्वासन, जिसके आधार पर अनिश्चितकालीन हड़ताल स्थगित की गई थी, को लागू नहीं किया गया। सरकार और बीएसएनएल के एस्मा और अन्य दमनकारी उपायों के बावजूद, 18 फरवरी, 2019 से आयोजित ऐतिहासिक 3 दिवसीय हड़ताल एक शानदार सफलता थी। बीएसएनएल का संकट इतना गंभीर हो गया था कि कंपनी फरवरी, 2019 में समय पर वेतन और एक्सचेंजों, टावरों, आदि के बिजली कनेक्शन, आदि का भुगतान नहीं पा रही थी। सीईसी की बैठक में सभी मौजूदा महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई और निर्णय लिए गए।

### निर्णयः –

(1) बीएसएनएल को जिस तरीके से कमजोर किया जा रहा है उसका मुकाबला करने के लिए बीएसएनएलईयू ***"बीएसएनएल बचाओ– राष्ट्र बचाओ अभियान"*** का आयोजन करेगी। इस अभियान के दौरान बीएसएनएल को बचाने और इसका वित्तीय पुनरुद्धार सुनिश्चित करने के लिए आम जनता के समर्थन की मांग करते हुए स्ट्रीट कॉर्नर मीटिंग्स आयोजित की जाएंगी । यह अभियान 13 अप्रैल, 2019 को शुरू होगा, जो कि जलियां वाला बाग हत्याकांड दिवस है और 30 अप्रैल, 2019 तक जारी रहेगा।

(2) बीएसएनएलईयू के सामान्य सदस्यों के बीच जागरूकता पैदा करने की दृष्टि से, बीएसएनएल द्वारा सामना किए जा रहे खतरों के बारे में और इन खतरों से बाहर आने के तरीकों और साधनों के बारे में, 01 जून से 15 जून, 2019 तक एक अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान जिला स्तरीय विशेष आम सभाएं आयोजित की जाएंगी। सीएचक्यू के पदाधिकारी इन बैठकों को संबोधित करने के लिए सर्किलों का दौरा करेंगे।

(3) सीईसी की बैठक ने बीएसएनएल प्रबंधन से वेज वार्ता को फिर से शुरू करने की मांग करने का संकल्प लिया। जहां तक कि फिटमेंट की मात्रा का संबंध है, बैठक ने फैसला किया कि यह अखिल भारतीय केंद्र द्वारा सीईसी सदस्यों के परामर्श से तय किया जाएगा।

(4) अगले सदस्यता सत्यापन के संबंध में, सीईसी की बैठक ने अखिल भारतीय केंद्र को सीईसी सदस्यों के परामर्श से निर्णय लेने के लिए अधिकृत किया।

(5) सर्किल और जिला यूनियनों को 14 अप्रैल, 2019 को डॉ. बी. आर. अम्बेडकर की जयंती को प्रमुखता से मनाने के लिए निर्देशित किया गया है। सामाजिक अत्याचारों के खिलाफ सबसे बड़े योद्धाओं में से एक, डॉ बी आर अम्बेडकर की उपलब्धियों और योगदान को इन समारोहों में उजागर किया जाना है।

(6) सर्किल यूनियनों से अनुरोध है कि वे बीएसएनएल वर्किंग वीमेन कोऑर्डिनेशन कमेटी (बीएसएनएल डब्ल्यूडब्ल्यूसीसी) की सर्किल स्तर की कमेटियों का, जहाँ भी इनका गठन नहीं हुआ हो, गठन करने पर विषय ध्यान दें। सीईसी की बैठक ने अगली सीईसी बैठक से पहले महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और गुजरात में बीएसएनएल डब्ल्यूडब्ल्यूसीसी की सर्किल स्तरीय समितियों के गठन का लक्ष्य तय किया है।

(7) सीईसी की बैठक ने बीएसएनएल डब्ल्यूडब्ल्यूसीसी की जुलाई 2019 में अगली बैठक की मेजबानी के लिए तमिलनाडु सर्किल यूनियन से अनुरोध किया है।

(8) सीईसी की बैठक ने चेन्नई में केंद्रीय सचिवालय की जुलाई, 2019 में अगली बैठक की मेजबानी के लिए चेन्नई सर्किल यूनियन से अनुरोध किया है।

(9) सीईसी की बैठक ने गुजरात सर्किल यूनियन से अनुरोध किया है कि वह अगली सीईसी बैठक की मेजबानी सितंबर, 2019 के महीने में करे।

(10) बैठक ने निर्णय लिया कि सभी सर्किल यूनियनों को तुरंत जिलावार यूनियन सदस्यता की सूची सौंपनी चाहिए। सीएचक्यू इस उद्देश्य के लिए सभी सर्किल सचिवों को एक प्रारूप भेजेगा।

(11) सीईसी की बैठक ने चिंता के साथ यह कहा कि सोशल मीडिया में निहित स्वार्थों और षरारती तत्वों द्वारा अफवाहों और शरारती संदेशों को फैलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य ट्रेड यूनियन आंदोलन को कमजोर करना है। बैठक ने सर्किल और जिला यूनियनों से ऐसे संदेशों के प्रति सतर्क रहने और यह भी सुनिश्चित करने का आह्वान किया कि बीएसएनएलईयू के सदस्यों द्वारा इस तरह के संदेशों को अनजाने में फैलाया / अग्रेषित नहीं किया जाए।

सीएचक्यू ईमानदारी से सर्किल और जिला यूनियनों को उपरोक्त सभी निर्णयों को प्रभावी ढंग से और समयबद्ध तरीके से लागू करने का आह्वान करता है।

## प्रस्ताव–

निम्नलिखित प्रस्तावों को गाजियाबाद सीईसी की बैठक में सर्वसम्मति से पारित किया गया है।

(1) वेज रिवीजन और पेंशन रिवीजन पर प्रस्ताव – कॉम. डी के बकुत्रा, सीएस, गुजरात द्वारा प्रस्तावित और कॉम. कन्नियप्पन, सीएस, चेन्नईद्वारा समर्थित।

(2) वीआरएस का विरोध करने वाला प्रस्ताव – कॉम.संतोष कुमार, सीएस, केरल द्वारा प्रस्तावित और कॉम. एस आर दास, सीएस, ओडिशा द्वारा समर्थित।

(3) कैजुअल और कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स को मजदूरी का भुगतान न करने पर प्रस्ताव – कॉम. प्रकाश शर्मा, सीएस, एमपी द्वारा प्रस्तावित और कॉम. बशीर अहमद खान, सीएस, जेएंडके द्वारा समर्थित।

(4) सीईसी की बैठक ने बीएसएनएल प्रबंधन से वेज वार्ता को फिर से शुरू करने की मांग करने का संकल्प लिया। जहां तक फिटमेंट की मात्रा का संबंध है, बैठक ने फैसला किया कि यह अखिल भारतीय केंद्र द्वारा सीईसी सदस्यों के परामर्श से तय किया जाएगा।

(5) डॉट और बीएसएनएल द्वारा ट्रेड यूनियन अधिकारों के दमन और इनकार के खिलाफ प्रस्ताव – कॉम. बाबू राधाकृष्णन, सीएस, तमिलनाडु द्वारा प्रस्तावित और कॉम. सी के गुंदन्ना, सीएस, कर्नाटक द्वारा समर्थित।

(6) आगामी संसद चुनाव पर प्रस्ताव – कॉम. उपेंद्र सिंह तेवतिया, सीएस, उ. प्र. (पश्चिम) द्वारा प्रस्तावित और कॉम.बिजॉय डेका, सीएस, असम द्वारा समर्थित।

(7) डब्ल्यूएफटीयू को धन्यवाद पर प्रस्ताव – कॉम. अशोक पारीक, सीएस, राजस्थान द्वारा प्रस्तावित और कॉम. के.आर. यादव, कार्यवाहक सीएस, यूपी (पूर्व) द्वारा समर्थित।


## *संचार भवन मार्च*

एयूएबी ने 05.04.2019 को एक विशाल संचार भवन मार्च आयोजित किया, जिसमें हजारों साथियों ने भाग लिया। साथियों ने लगभग सभी सर्किलों से भाग लिया। मार्च ईस्टर्न कोर्ट से शुरू हुआ और जंतर मंतर पर पुलिस द्वारा रोक दिया गया, जहां एक विशाल सभा आयोजित की गई। इसे कॉम. तपन सेन, महासचिव, सीटू, डॉ. कांगू, उपाध्यक्ष, एटक और एयूएबी के सभी महासचिवों द्वारा संबोधित किया गया। बीएसएनएल प्रबंधन द्वारा इन धमकियों के मद्देनजर, इस रैली में कर्मचारियों की भागीदारी असाधारण थी, कि इस रैली में भाग लेने वालों पर वेतन में कटौती लादी जाएगी, और सर्किल प्रशासन द्वारा छुट्टी भी रद्द कर दी जाएगी। यह भी ध्यान दिया जाना चाहिए कि 3 मार्च की हड़ताल में उनकी भागीदारी के लिए कर्मचारियों पर लगाई गई 3 दिवसीय वेतन कटौती की पृष्ठभूमि में संचार भवन तक यह विषाल मार्च हुआ। बीएसएनएलईयू का सीएचक्यू उन सभी साथियों को सलाम करता है जिन्होंने रैली में भाग लिया और इसे बहुत बड़ी सफलता दिलाई। इस रैली में बीएसएनएलईयू के सदस्यों को बड़े पैमाने पर जुटाने के गंभीर प्रयासों के लिए, यह सीएचक्यू बीएसएनएलईयू के सर्किल और जिला यूनियनों को भी हार्दिक बधाई देता है।

इस संचार भवन मार्च ने डॉट को, साथ ही सरकार को भी एक कठोर संदेश भेजा है कि एयूएबी द्वारा, वेतन संशोधन और पेंशन संशोधन के संबंध में की जा रही मांगों, साथ ही बीएसएनएल के वित्तीय सुदृढ़ीकरण से संबंधित मांगों को भी फौरन हल किया जाए, अन्यथा, आने वाले दिनों में बीएसएनएल कर्मचारियों के और अधिक जुझारू संघर्ष होना निश्चित है।

सधन्यवाद,

आपका



**(पी. अभिमन्यु,)**
**महासचिव**